# सहमति ज्ञापन

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली
और
भारतीय जनसंचार संस्थान, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली

**प्रस्तावना**

यह सहमति ज्ञापन इस सिद्धान्त पर आधारित है कि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली और भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में संस्कृत पत्रकारिता के विशिष्ट (एडवांस्ड) त्रैमासिक प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम को शैक्षणिक वर्ष 2017–18 से श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली में संचालित किया जायेगा। संस्कृत पत्रकारिता के विशिष्ट प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम के संचालन में दोनों संस्थाओं की शैक्षणिक नीतियों का अनुपालन करते हुए पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले छात्र को प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा।

**अनुच्छेद 1 :**

भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संस्कृत पत्रकारिता के विशिष्ट (एडवांस) त्रैमासिक प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम के संचालन में छात्रों/प्रशिक्षुओं को निम्नलिखित आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा :–

अ. संस्थान के ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तकों का निःशुल्क अध्ययन।

ब. संस्थान के अध्यापक द्वारा कम्युनिटी रेडियों प्रोग्रामिंग प्रशिक्षण की निःशुल्क सुविधा।

स. संस्कृत पत्रकारिता पाठ्यक्रम के संचालन में आवश्यक सुविधा भारतीय जनसंचार संस्थान के डीन (एकेडमिक) और कम्युनिटी रेडियो की सुविधा एवं निर्देशन अध्यक्ष–प्रोग्रामिंग द्वारा प्रदान की जायेगी।

य. इन्टर्नशिप के लिए संस्थान द्वारा निर्धारित शुल्क छात्रों द्वारा देय होगा।

**अनुच्छेद 2 :**

संस्कृत पत्रकारिता पाठ्यक्रम के निर्माण एवं देखरेख के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली के कुलपति द्वारा निम्नलिखित सदस्यों से युक्त एक समिति का गठन किया जायेगा :

क. विद्यापीठ के दो विद्वान अध्यापक

ख. भारतीय जनसंचार संस्थान के एक विद्वान

ग. दो बाह्य विषय विशेषज्ञ

**अनुच्छेद 3 :**

संस्कृत पत्रकारिता पाठ्यक्रम का संचालन श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ में तीन दिन निर्धारित कार्यदिवसों में सायंकाल 4 बजे से 6 बजे तक किया जायेगा।

**अनुच्छेद 4 :**

संस्कृत पत्रकारिता पाठ्यक्रम में संस्कृत सम्बन्धी पत्रों का अध्यापन श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ के विद्वानों द्वारा और पत्रकारिता से सम्बन्धित विशिष्ट पत्रों का अध्यापन संस्थान के पत्रकारिता विषय के विद्वानों द्वारा सप्ताह में दो दिन सायं 04.00 बजे से 06.00 बजे किया जायेगा।

**अनुच्छेद 5 :**

संस्कृत पत्रकारिता पाठ्यक्रम का संचालन स्ववित्तपोषित आधार पर किया जायेगा जिसके अन्तर्गत साक्षात्कार के माध्यम से निर्धारित अर्हता रखने वाले छात्रों को प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

22/09/2017

## प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता

अ. संस्कृत में एम.ए. अथवा आचार्य उपाधिधारक

या

संस्कृत के सामान्य ज्ञान के साथ अन्य विषयों में स्नातकोत्तर उपाधिधारक

ब. पत्रकारिता पाठ्यक्रम या एकवर्षीय पत्रकारिता पी.जी. डिप्लोमा उत्तीर्ण

स. अधिकतम आयु 35 वर्ष (भारत सरकार के नियमानुसार आरक्षित श्रेणी में पाँच वर्ष की छूट)

**अनुच्छेद 6 :**

संस्कृत पत्रकारिता के त्रैमासिक प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क प्रदान कर प्रवेश फार्म विद्यापीठ के शैक्षणिक अनुभाग से प्राप्त करगें और प्रवेश प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि तक फार्म जमा करेगें। प्रवेश हेतु चयनित छात्रों की सूची विद्यापीठ की बेबसाइट पर प्रकाशित कर दी जायेगी।

**अनुच्छेद 7 :**

प्रवेश हेतु चयनित छात्रों को पाठ्यक्रम के लिए 8,000/– रुपये शुल्क विद्यापीठ के लेखा विभाग में जमा कराना होगा । प्रवेश शुल्क का 40 प्रतिशत आई.आई.एम.सी. को दिया जायेगा । प्रवेश के लिए चयनित छात्रों की सूची एक सप्ताह के अन्दर जारी की जायेगी।

**अनुच्छेद 8 :**

संस्कृत पत्रकारिता पाठ्यक्रम की कक्षाएं प्रतिवर्ष प्रायः अगस्त और फरवरी से प्रारम्भ होगीं।

**अनुच्छेद 9 :**

संस्कृत पत्रकारिता पाठ्यक्रम में कुल 20 छात्रों को प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

**अनुच्छेद 10 :**

पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा जिसमें दोनों संस्थाओं के प्रमुखों का मुहर सहित हस्ताक्षर होगा। प्रमाणपत्र पर दोनों संस्थाओं ( श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली और भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली ) का प्रतीक चिन्ह (लोगो) होगा।

**अनुच्छेद 11 :**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली में पाठ्यक्रम का संयोजन कुलपति द्वारा नामित विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा। महानिदेशक भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली द्वारा पाठ्यक्रम हेतु एक नोडल अधिकारी नामित किया जायेगा।

**अनुच्छेद 12 :**

यह सहमति ज्ञापन श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली एवं भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली की संयुक्त सहमति तक प्रभावी रहेगा। इस पाठ्यक्रम के संचालन हेतु नियमों/उपनियमों का निर्माण एवं संशोधन दोनों संस्थाओं के सक्षम अधिकारियों की सहमति से किया जायेगा।

22/09/2017 | रमेश कुमार पाण्डेय 22/9/17
--- | ---
महानिदेशक | कुलपति
भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली | श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली